युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS



# युवा उत्सव
## बागपत

थीम - पंच प्रण

युवा शक्ति से जन भागीदारी

21 नवंबर 2024
प्रात: 10.00 बजे

स्यादवाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, बागपत

**थीमैटिक**

### विज्ञान मेला प्रदर्शनी

₹21,500/- तक के ईनाम एवं प्रमाण पत्र, एकल एवं समूह श्रेणी,
दो सर्वश्रेष्ठ नवाचारकों का मण्डल स्तरीय युवा उत्सव हेतु चयन।

**संस्कृति**

### सांस्कृतिक महोत्सव

₹40,000/- तक के ईनाम, एकल/समूह लोक नृत्य, एकल/समूह लोकगीत,
प्रत्येक श्रेणी के प्रथम विजेता का मण्डल स्तरीय युवा उत्सव हेतु चयन।

**जीवन कौशल**

### भाषण/काव्य/पेंटिंग/फोटोग्राफी

₹24,000/- तक के ईनाम, प्रत्येक श्रेणी के प्रथम दो एवं भाषण के
सर्वश्रेष्ठ एक विजेता का मण्डल स्तरीय युवा उत्सव हेतु चयन।

**युवा कृति**

### युवा कारीगरों द्वारा प्रदर्शनी

युवा कृति विधा के अंतर्गत युवा कारीगरों को हस्तशिल्प/टैक्सटाईल/
कृषि उत्पादों का स्टॉल लगाने का मिलेगा अवसर।

**विस्तृत जानकारी एवं पंजीकरण हेतु QR कोड स्कैन करे**

अथवा लिंक https://bit.ly/MYBharat-YUB पर विज़िट करे।

# युवा उत्सव: इंडिया@2024 की पृष्ठभूमि

130 करोड़ देशवासियों की शक्ति का प्रतीक बनकर, उनके सपनों और संकल्पों को लाल किले से साक्षी मानते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए अगले 25 वर्षों का एक प्रेरणादायक लक्ष्य रखा। उन्होंने पंच प्रण (पाँच संकल्प) की बात की, जो 2047 में देश की स्वतंत्रता के 100 वर्षों का जश्न मनाते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है।

## अमृत काल के पंच प्रण

1. विकसित भारत का लक्ष्य
2. औपनिवेशिक मानसिकता को मिटाना
3. अपनी जड़ों पर गर्व
4. एकता को बढ़ावा
5. नागरिकों में कर्तव्य भावना



प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2022 को लाल किले से इन पंच प्रण की घोषणा की। इन पंच प्रणों की प्रेरणा से नेहरू युवा केंद्र संगठन (NYKS) आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत युवा उत्सव: इंडिया@2047 का आयोजन कर रहा है। इस भव्य कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम की भावना को पुनर्जीवित करना और युवाओं में देशभक्ति का संचार करना है।

## उद्देश्य:

- आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए पंच प्रण का संदेश जन-जन तक पहुँचाना।
- अमृत काल में स्वतंत्रता संग्राम की आदर्शों और मूल्यों का प्रचार।
- देश की विविध सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सम्मान बढ़ाना।
- युवाओं में नवाचार, कला, लेखन, फोटोग्राफी की भावना को बढ़ावा देना।
- भारत द्वारा हाल के वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में की गई महत्वपूर्ण प्रगति को प्रदर्शित करना।

यह कार्यक्रम विज्ञान मेला, युवा कलाकार, लेखक, फोटोग्राफर, और पारंपरिक कलाओं के कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा, जहाँ युवा शक्ति से जनभागीदारी के साथ भारत की संस्कृति, धरोहर और विज्ञान-प्रौद्योगिकी को आगे लाया जाएगा।

21 नवंबर 2024 प्रात: 10.00 बजे

# युवा उत्सव बागपत

थीम - पंच प्रण

युवा शक्ति से जन भागीदारी

स्यादवाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, बागपत

## थीमैटिक

# विज्ञान मेला प्रदर्शनी

## कार्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देश

1. विज्ञान मेले में जैव प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, एआई, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य तकनीक, डिजिटल समाधान विषयों पर प्रोजेक्ट/मॉडल की प्रदर्शनी आयोजित होगी।
2. व्यक्तिगत श्रेणी में न्यूनतम 10 नवाचारक प्रतिभाग कर सकेंगे जबकि समूह श्रेणी में न्यूनतम 10 टीम (प्रत्येक में अधिकतम 05 सदस्य ) प्रतिभाग कर सकेगी।
3. विज्ञान मेले में केवल 15-29 वर्ष आयु वर्ग (30/09/2024 के अनुसार) के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे।
4. परियोजना के विषय: जैव प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, एआई, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य तकनीक, डिजिटल समाधान होंगे।
5. प्रतिभागियों के प्रोजेक्ट/मॉडल की प्रदर्शनी को नवाचार और दृष्टिकोण पर 50 अंक, प्रस्तुति की गुणवत्ता पर 20 अंक, और प्रभाव पर 30 अंक दिए जाएंगे।
6. व्यक्तिगत श्रेणी में प्रथम विजेता को 3,000/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय विजेता को 2,000/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, और तृतीय विजेता को 1,500/- रुपये एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
7. समूह श्रेणी में प्रथम विजेता टीम को 7,000/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय विजेता टीम को 5,000/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, और तृतीय विजेता टीम को 3,000/- रुपये एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
8. दोनों श्रेणी के प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को मण्डल स्तरीय युवा उत्सव हेतु चयनित किया जाएगा।
9. सभी प्रतिभागियों का मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण जरूरी है।

**जिला युवा उत्सव में पंजीकरण हेतु QR कोड स्कैन करे**

अथवा लिंक https://bit.ly/MYBharat-YUB पर विज़िट करे।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

# युवा उत्सव बागपत

थीम - पंच प्रण
युवा शक्ति से जन भागीदारी

21 नवंबर 2024 प्रातः 10.00 बजे

स्यादवाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, बागपत

## जीवन कौशल

# यंग आर्टिस्ट्स कैम्प (पेंटिंग)

## कार्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देश

1. चित्रकला प्रतियोगिता में अधिकतम 30 युवा आर्टिस्ट प्रतिभाग कर सकेंगे।
2. प्रतियोगिता में केवल 15-29 वर्ष आयु वर्ग (30/09/2024 के अनुसार) के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे।
3. प्रतियोगिता में युवाओं को पंच प्रण थीम पर पेंटिंग बनानी होगी।
4. प्रतियोगिता में पारंपरिक चित्रकला, वॉटरकलर, एक्रेलिक, ऑयल पेंटिंग, पेस्टल्स, चारकोल आदि विधाओ में पेंटिंग बनाई जा सकती है।
5. सभी प्रतिभागियों को अपनी चित्रकला संबंधी सभी कलर इत्यादि स्वयं लेकर आने होंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्रतिभागियों को केवल ड्राइंग शीट उपलब्ध कराई जाएगी।
6. विषय से मेल पर 25 अंक, रंग योजना पर 25 अंक, रचनात्मकता और अनोखेपन पर 25 अंक, और कलात्मक संयोजन, स्वच्छता व डिज़ाइन की गुणवत्ता पर 25 अंक दिए जाएंगे।
7. प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 2,500/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय विजेता को 1,500/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, और तृतीय विजेता को 1,000/- रुपये एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
8. प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को मण्डल स्तरीय युवा उत्सव हेतु चयनित किया जाएगा।
9. सभी प्रतिभागियों का मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण जरूरी है।

**जिला युवा उत्सव में पंजीकरण हेतु QR कोड स्कैन करे**

अथवा लिंक https://bit.ly/MYBharat-YUB पर विज़िट करे।

MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

# युवा उत्सव बागपत

थीम - पंच प्रण

युवा शक्ति से जन भागीदारी

21 नवंबर 2024 प्रात: 10.00 बजे

स्यादवाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, बागपत

## जीवन कौशल

# यंग राइटर्स कॉन्टेस्ट (काव्य)

## कार्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देश

1. इस प्रतियोगिता में अधिकतम 30 युवा कवि प्रतिभाग कर सकेंगे।
2. प्रतियोगिता में केवल 15-29 वर्ष आयु वर्ग (30/09/2024 के अनुसार) के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे।
3. प्रतियोगिता में युवाओं को पंच प्रण थीम पर कविता लेखन एवं वाचन करना है।
4. प्रतियोगिता में कविता लेखन हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा निर्धारित है।
5. प्रतिभागियों को निर्धारित समय में कविता लेखन करना होगा। प्रतिभागियों को कविता का प्रस्तुतीकरण भी देना होगा।
6. विषय से मेल पर 25 अंक, रचनात्मकता और मौलिकता पर 25 अंक, शब्दों का सामंजस्य और प्रस्तुति पर 25 अंक, तथ्य और भाषा की स्पष्टता पर 25 अंक दिए जाएंगे।
7. प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 2,500/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय विजेता को 1,500/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, और तृतीय विजेता को 1,000/- रुपये एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
8. प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को मण्डल स्तरीय युवा उत्सव हेतु चयनित किया जाएगा।
9. सभी प्रतिभागियों का मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण जरूरी है।

**जिला युवा उत्सव में पंजीकरण हेतु QR कोड स्कैन करे**

अथवा लिंक https://bit.ly/MYBharat-YUB पर विज़िट करे।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

# युवा उत्सव बागपत

थीम - पंच प्रण

युवा शक्ति से जन भागीदारी

21 नवंबर 2024
प्रात: 10.00 बजे

स्यादवाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, बागपत

## जीवन कौशल

# मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता

## कार्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देश

1. मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में अधिकतम 30 युवा प्रतिभाग कर सकेंगे।
2. प्रतियोगिता में केवल 15-29 वर्ष आयु वर्ग (30/09/2024 के अनुसार) के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे।
3. मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता हेतु पंच प्रण थीम निर्धारित है।
4. प्रतियोगिता में फोटोग्राफी केवल स्मार्टफोन के माध्यम से करनी है।
5. प्रतिभागियों को निर्धारित समय में कार्यक्रम स्थल पर फोटोग्राफी करनी होगी।
6. प्रतिभागियों को विशेषज्ञों द्वारा फोटोग्राफी के टिप्स भी बताए जाएंगे।
7. रचनात्मकता/एडिटिंग पर 25 अंक, तकनीकी कौशल (लाइटिंग, रंग संतुलन, शार्पनेस, एक्सपोज़र) पर 25 अंक, और सौंदर्य मूल्य पर 50 अंक दिए जाएंगे।
8. प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 2,500/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय विजेता को 1,500/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, और तृतीय विजेता को 1,000/- रुपये एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
9. प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को मण्डल स्तरीय युवा उत्सव हेतु चयनित किया जाएगा।
10. सभी प्रतिभागियों का मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण जरूरी है।

**जिला युवा उत्सव में पंजीकरण हेतु QR कोड स्कैन करे**

अथवा लिंक https://bit.ly/MYBharat-YUB पर विज़िट करे।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

# युवा उत्सव बागपत

थीम - पंच प्रण

युवा शक्ति से जन भागीदारी

21 नवंबर 2024 प्रात: 10.00 बजे

स्याद्वाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, बागपत

## जीवन कौशल

# भाषण प्रतियोगिता

## कार्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देश

1. भाषण प्रतियोगिता में न्यूनतम 10 युवा वक्ता प्रतिभाग कर सकेंगे।
2. प्रतियोगिता में केवल 15-29 वर्ष आयु वर्ग (30/09/2024 के अनुसार) के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे।
3. भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 07 मिनट का अधिकतम समय मिलेगा जिसमें समय सीमा समाप्त होने से 30 सेकंड पूर्व प्रतिभागी को अलर्ट भी किया जाएगा।
4. भाषण प्रतियोगिता हेतु पंच प्रण थीम निर्धारित है।
5. पूर्व में नेहरू युवा केंद्र बागपत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव एवं अन्य प्रमुख जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिताओं में विजेता रह चुके युवा इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।
6. विषय की गुणवत्ता (तथ्यात्मक जानकारी, ऐतिहासिक और विश्वसनीय संदर्भ, वर्तमान स्थिति का विश्लेषण, सुधार हेतु सुझाव, नए विचार आदि) पर 30 अंक, संवाद कौशल पर 20 अंक, प्रस्तुति कौशल पर 20 अंक, विचारों की स्पष्टता पर 20 अंक, और आत्मविश्वास स्तर पर 10 अंक दिए जाएंगे।
7. प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 5,000/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय विजेता को 2,500/- रुपये एवं प्रमाण पत्र, और तृतीय विजेता को 1,500/- रुपये एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
8. प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को मण्डल स्तरीय युवा उत्सव हेतु चयनित किया जाएगा।
9. सभी प्रतिभागियों का मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण जरूरी है।

**जिला युवा उत्सव में पंजीकरण हेतु QR कोड स्कैन करे**

अथवा लिंक https://bit.ly/MYBharat-YUB पर विज़िट करे।

मेरा भारत

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

21 नवंबर 2024
प्रातः 10.00 बजे

# युवा उत्सव
## बागपत

थीम - पंच प्रण
युवा शक्ति से जन भागीदारी

स्याद्वाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, बागपत

## संस्कृति

# सांस्कृतिक महोत्सव

## कार्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देश

1. सांस्कृतिक महोत्सव के तहत एकल/समूह लोक नृत्य, एकल/समूह लोकगीत का आयोजन किया जाएगा।
2. समूह लोक नृत्य एवं समूह लोकगीत, प्रत्येक में अधिकतम 10 टीम प्रतिभाग करेगी। प्रत्येक प्रतिभागी टीम में 15-29 आयु वर्ग के अधिकतम 10 सदस्य हो सकते है।
3. समूह लोक नृत्य एवं समूह लोकगीत हेतु प्रथम पुरस्कार 7,000/-, द्वितीय पुरस्कार 5,000/- और तृतीय पुरस्कार 3,000/- निर्धारित है।
4. एकल लोक नृत्य एवं एकल लोकगीत हेतु प्रथम पुरस्कार 2,500/-, द्वितीय पुरस्कार 1,500/- और तृतीय पुरस्कार 1,000/- निर्धारित है।
5. विजेताओं के चयन का आधार स्थानीय कला और संस्कृति का प्रदर्शन, प्रदर्शन की विविधता और गुणवत्ता, पारंपरिक वेशभूषा का समावेश होगा।
6. प्रत्येक श्रेणी के प्रथम विजेता का मण्डल स्तरीय युवा उत्सव हेतु चयन किया जाएगा।
7. समूह लोक नृत्य में 30/09/2024 के अनुसार 15-29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे जबकि अन्य में 12/01/2025के अनुसार 15-29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे।
8. सभी प्रतिभागियों का मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण जरूरी है।

**जिला युवा उत्सव में पंजीकरण हेतु QR कोड स्कैन करे**

अथवा लिंक https://bit.ly/MYBharat-YUB पर विज़िट करे।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

21 नवंबर 2024 प्रात: 10.00 बजे

# युवा उत्सव बागपत

थीम - पंच प्रण

युवा शक्ति से जन भागीदारी

स्यादवाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, बागपत

## युवा कृति

# वस्तुओं की प्रदर्शनी

## कार्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देश

1. युवा कृति विधा के अंतर्गत युवा कारीगरों को अपने स्थानीय हस्तशिल्प/टैक्सटाईल/कृषि उत्पादों का स्टॉल लगाने का अवसर मिलेगा जिसके लिए युवा उत्सव कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल लगाने हेतु स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।
2. युवा कृति विधा के तहत स्टॉल लगाने हेतु इच्छुक कारीगरों का चयन जिला उद्योग केंद्र, बागपत के सहयोग से युवा कल्याण विभाग, बागपत द्वारा किया जाएगा। पूर्ण जानकारी हेतु युवा कल्याण विभाग, बागपत से संपर्क कर सकते है।
3. इस कार्यक्रम में केवल 15-29 वर्ष आयु वर्ग (12/01/2025 के अनुसार) के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे इसलिए युवा कृति टीम के प्रत्येक सदस्य की आयु 15-29 वर्ष होना अनिवार्य है।
4. युवा कृति विधा में कोई पुरस्कार देय नहीं होगा।
5. सभी प्रतिभागियों का मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण जरुरी है।

**जिला युवा उत्सव में पंजीकरण हेतु QR कोड स्कैन करे**

अथवा लिंक https://bit.ly/MYBharat-YUB पर विज़िट करे।

## आवश्यक सूचना

# प्रतिभागियों के लिए सामान्य दिशानिर्देश

1. प्रतिभागियों की आयु और योग्यता कार्यक्रम के अनुसार होनी चाहिए। उम्र एवं निवास स्थान की पुष्टि के लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।
2. सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम से पहले पंजीकरण की समय सीमा का पालन करना होगा। अंतिम तिथि 17 नवंबर 2024 के बाद पंजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. स्क्रीनिंग के उपरांत ही जिला युवा उत्सव में युवा प्रतिभाग करेंगे। स्क्रीनिंग हेतु पंजीकरण फॉर्म में अपनी कला/कार्य संबंधी उपलब्धियों को साझा करना अनिवार्य होगा।
4. सभी प्रतिभागियों का मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।
5. गलत जानकारी देकर भाग लेने पर प्रतिभागिता रद्द कर दी जाएगी। कृपया पंजीकरण फॉर्म में सभी जानकारी आधार कार्ड के अनुसार ही भरे।
6. कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और मर्यादा का पालन आवश्यक है। किसी भी अनुचित व्यवहार पर प्रतिभागिता रद्द की जा सकती है।
7. जिला युवा उत्सव के लिए सभी प्रतिभागियों का समय पर निर्धारित स्थान पर पहुँचना अनिवार्य है। समय से उपस्थित न होने पर प्रतिभागिता पर प्रभाव पड़ सकता है।
8. युवा उत्सव कार्यक्रम स्थल पर अपने पंजीकरण हेतु 02 पासपोर्ट फोटो एवं आधार कार्ड की एक फोटो कॉपी जरूर लाएं जो पंजीकरण डेस्क पर जमा होगी।
9. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा, जिसे सभी प्रतिभागियों को स्वीकार करना अनिवार्य है।
10. प्रतिभागियों को निर्धारित समय सीमा में अपना प्रदर्शन पूरा करना होगा। समय सीमा का उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
11. सभी प्रस्तुतियाँ मौलिक होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की नकल या चोरी पकड़े जाने पर प्रतिभागिता रद्द कर दी जाएगी।
12. जिला स्तर पर चयनित विजेता नियमानुसार मंडल स्तर पर आगे बढ़ेंगे, इसके लिए सभी प्रतिभागी तैयार और इच्छुक होने चाहिए।
13. किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए +919557178303 अथवा nykbaghpat@gmail.com पर संपर्क कर सकते है।

**जिला युवा उत्सव में पंजीकरण हेतु QR कोड स्कैन करे**

अथवा लिंक https://bit.ly/MYBharat-YUB पर विज़िट करे।